डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

सोमवार

15 जनवरी 2023

आपकी आवाज




सीएसपी संचालक से हुए लूट कांड में लाइनर सहित तीन बदमाश गिरफ्तार

2



## पुंछ-राजौरी में आतंकवादी हमले की साजिश रच रहा पड़ोसी देश

**सैन्य कमांडर बोले- उत्तरी सीमा पर हालात सामान्य नहीं**

**एजेंसी/जम्मू**

सेना के एक शीर्ष कमांडर ने रविवार को कहा कि उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर हैं, लेकिन सामान्य नहीं हैं। उन्होंने यह टिप्पणी लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण (एलएसी) के संदर्भ में की। उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि मई 2020 में पूर्वी लद्दाख के सात गतिरोध वाले स्थानों में से पांच का समाधान भारतीय सेना और जन मुक्ति सेना (पीएलए) ने कर लिया है और बाकी दो स्थानों के लिए बातचीत जारी है।

उन्होंने कहा, उत्तरी सीमा पर स्थिति सामान्य नहीं है या मैं कह सकता हूं कि यह संवेदनशील है। पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए सैन्य कमांडर ने कहा कि पड़ोसी देश पुंछ-राजौरी इलाके में आतंकवादी हमले की साजिश रच रहा है क्योंकि वह इलाके में चल रहे विकास कार्यों को पसंद नहीं करता। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा, पुंछ-राजौरी क्षेत्र में लोगों के जीवन में समृद्धि आई है और जीवनस्तर में सुधार आया है। यहां निवेश आ रहा है और लोगों को नौकरियां मिल रही हैं, लेकिन शांति और समृद्धि का यह माहौल हमारे पड़ोसी देश को रास नहीं आ रहा। इसलिए इलाके में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, लेकिन हमने आतंकवाद रोधी अभियान शुरू किया है।

## मणिपुर में सैकड़ों जानें गईं लेकिन मोदीजी आपके आंसू पोछने नहीं आए: राहुल

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर के इंफाल के निकट थोबल से शुरू की भारत जोड़ो न्याय यात्रा
- मल्लिकार्जुन खड़गे बोले- मोदी जी समंदर में सैर करने जाते हैं, राम-राम जपते हैं लेकिन मणिपुर नहीं आते

**एजेंसी/इंफाल**

2024 लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा की मणिपुर से शुरूआत की। यात्रा की शुरूआत के राहुल गांधी दिल्ली से एक फ्लाइट में पार्टी नेताओं के साथ इंफाल पहुंचे, हालांकि खराब मौसम के कारण राहुल गांधी के इंफाल पहुंचने में देर हुई। इसके बाद उन्होंने इंफाल के निकट थोबल से अपनी यात्रा शुरू की। इससे पहले उन्होंने खोंगजोम युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।





राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरी झंडी दिखाई। बीएसपी के निष्कासित लोकसभा सदस्य दानिश अली भी राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हुए। यात्रा की शुरूआत के मौके पर राहुल गांधी ने वहां पर लोगों को संबोधित किया, उन्होंने मणिपुर का दौरा नहीं करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा- मणिपुर में भाई-बहन, माता-पिता आंखों के सामने मरे और आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने, गले मिलने नहीं आए। ये शर्म की बात है।

राहुल ने आगे कहा- हम आपकी सुनने आए हैं, मन की बात सुनाने नहीं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बोले- मोदी जी समंदर में सैर करने जाते हैं, राम-राम जपते हैं लेकिन मणिपुर नहीं आते। उनके मुंह में राम और बगल में छुरी है। खरगे ने कहा कि जब मणिपुर के लोग मुसीबत में हैं तो पीएम मोदी यहां नहीं आते हैं, वो समंदर के ऊपर सैर करते हैं। हम संविधान बचाने के लिए लड़ रहे हैं।

### मणिपुर में बीजेपी की नफरत की राजनीति है

राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा। इसलिए पैदल के साथ-साथ बस यात्रा का फैसला किया। सवाल उठा कि यात्रा कहां से शुरू करें, किसी ने कहा वेस्ट से करो, किसी ने ईस्ट बताया। मैंने साफ कहा- अगली भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ मणिपुर से शुरू हो सकती है। मणिपुर में बीजेपी की नफरत की राजनीति है। राहुल गांधी की यह यात्रा 67 दिन तक चलेगी। इस दौरान राहुल गांधी 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजरेगी। मणिपुर से शुरू हुई यह यात्रा मुंबई में 20 मार्च को पूरी होगी। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा का पहला चरण कन्याकुमारी से कश्मीर तक किया था। इसमें उन्होंने 3000 किलोमीटर की दूरी तय की थी। इस यात्रा से राहुल गांधी काफी सुर्खियों में आए थे।

**मुख्यमंत्री ने अयोध्या को दी ईवी की सौगात, टूरिस्ट एप लॉन्च**

## भारत की श्रद्धा व आस्था को सम्मान देने की तिथि है 22 जनवरी : योगी

- सीएम योगी ने कहा- प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो पूरे देश में होगी रामराज्य की स्थापना
- हजारों वर्षों बाद यह अवसर आता है जब प्रभु की सेवा में कुछ कर गुजरने का मौका मिलता है, हमारी पीढ़ी को यह अवसर मिला है

**केटी न्यूज ब्यूरो/अयोध्या**

अयोध्या धाम में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने ई वाहनों (50 इलेक्ट्रिक बसों एवं 25 ई ऑटो) का फ्लैग ऑफ कर अयोध्यावासियों को उपहार दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल टूरिस्ट एप के साथ ही अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट को भी लॉन्च किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या धाम में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य से अयोध्या नगर निगम और अयोध्या सिटी में ई-बसों एवं ई-ऑटो के शुभारंभ व टूरिज्म सेंट्रिक मोबाइल एप और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी की तिथि भारत की श्रद्धा और आस्था को सम्मान देने की तिथि है व भारत के स्वाभिमान और सम्मान को पुनर्स्थापित करने की भी पावन तिथि है। जब प्रभु श्रीराम 500 वर्षों के बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो न केवल अयोध्या धाम में बल्कि पूरे देश और प्रदेश में रामराज्य की स्थापना का जो कार्य 2014 में प्रारंभ हुआ था, इसे मूर्त रूप प्रदान करते हुए यशस्वी भविष्य की कामना के साथ हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से इस पौराणिक और ऐतिहासिक तिथि को आने वाले श्रद्धालुओं, भक्तों, आस्थावान यात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए अयोध्या सज धज रही है। आज आप अयोध्या में राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ, जन्मभूमि पथ को देखेंगे तो हर कोई अभिभूत होगा। मल्टीलेवल पार्किंग, गुप्तार घाट से लेकर रामजी की पैड़ी और नए घाट तक के घाटों का निर्माण, सूरजकुंड, भरतकुंड इन सबके सौंदर्यीकरण के कार्यक्रम को देखेगा तो हर कोई अभिभूत हो जाएगा। उसी श्रंखला में आने वाले श्रद्धालुओं की अवस्थापना सुविधाओं के लिए अच्छे यात्री निवास, धर्मशालाओं का निर्माण, अच्छे होटल, टेंट सिटी भी बन रही है या बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए इलेक्ट्रिक बसें, ई ऑटो और अन्य सुविधाएं यहां पर प्रारंभ हो रही हैं। यही नहीं, डिजिटल टूरिस्ट एप के द्वारा कोई भी आने वाला श्रद्धालु अयोध्या के हर स्पॉट का अवलोकन कर सके और अयोध्या को नजदीक से निहार सके, इस दृष्टि से भी इस कार्यक्रम को आज यहां संपन्न किया गया है। टूरिस्ट एप से हम अयोध्या की एक-एक चीज को देख सकें और आसानी से महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंच सकें, ये सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सिर्फ इंग्लिश में नहीं बल्कि हिंदी, संस्कृत समेत अन्य भाषाओं में भी यह उपलब्ध हो जाएगा।



### योगी बोले... 22 को अयोध्या आने की बजाय लाइव देखें कार्यक्रम

सीएम योगी ने कहा कि हजारों वर्षों बाद यह अवसर आता है, जब प्रभु की सेवा में कुछ कर गुजरने का अवसर मिलता है। हमारी पीढ़ी को यह अवसर मिला है। 500 वर्षों बाद प्रभु श्रीराम स्वयं के भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। देश और दुनिया अयोध्या के प्रति आतुर है। कब उन्हें अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन का अवसर मिलता है। हम सौभाग्यशाली हैं कि यहां पर हमें प्रभु का आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी बनती है कि सबसे पहले अयोध्या स्वच्छ और सुंदर दिखाई दे। सरकार का जो काम है वो सरकार कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़कों का चौड़ीकरण, रेलवे लाइन, एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं के साथ ही इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या को चमकाने का कार्य करेंगी। इनके रूट भी तय किए जा चुके हैं। लगभग 200 इलेक्ट्रिक बसें तात्कालिक रूप से हम अयोध्या को दे रहे हैं, लेकिन हम इसे 500 तक विस्तार देंगे। सीएम योगी ने कहा कि 22 जनवरी को जब प्रधानमंत्री मोदी के कर कमलों से अयोध्या धाम में प्रभु राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे होंगे, इस अवसर पर मेरी सभी से अपील है जो अयोध्या आने के इच्छुक हैं वो इस कार्यक्रम को लाइव देखें। हम सबको एक बात जरूर सुनिश्चित करनी है कि अयोध्या अभी नव निर्माण से गुजर रही है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद जब लोग यहां पर आएंगे तो उनको भी असुविधा नहीं होगी और यहां व्यवस्था से जुड़े लोगों को भी असुविधा नहीं होगी।

## सड़क दुर्घटना में पटना के युवक की मौत

**पटना।** पटना के फतुहा में शनिवार की देर रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। युवक मकर संक्रांति को लेकर अपने ससुराल से चूड़ा, दही पहुंचाकर वापस पटना अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में ट्रक की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार वाले लोगों के बीच कोहराम मच गया। मृतक की पहचान दीपक कुमार 28 वर्ष के रूप में हुई है जो नालंदा जिले का निवासी था।

बताया जा रहा है कि दीपक कुमार मकर संक्रांति को लेकर अपने ससुराल में चूड़ा दही पहुंचने गया था। शनिवार की देर रात दीपक अपनी मोटरसाइकिल से वापस पटना अपने घर लौट रहा था। ठंड और कोहरे के कारण उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी एक ट्रक में जाकर टकरा गई। बताया जा रहा कि इस हादसे में दीपक कुमार की मौत घटनास्थल पड़ी हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फतुहा थाने को दी। सूचना मिलते ही फतुहा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दी है और आगे की छानबीन शुरू कर दिया है।

आसपास के लोगों ने बताया कि दीपक कुमार पुनपुन के एक दुकान में मिठाई बनाने का काम किया करता था। बताया जा रहा है कि दीपक कुमार के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। इस हादसे के बाद दीपक के परिजनों पर दुखों का ऐसा पहाड़ टूट की परिवार वाले लोगों का हाल पूरी तरह रो-रोकर बेहाल होता जा रहा है। घटना की पुष्टि करते हुए फतुहा थाना प्रभारी जय शंकर कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को इस बात की सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 16 जनवरी से और बिगड़ सकता है मौसम

**केटी न्यूज/पटना**

मौसम विभाग ने बिहार में आगामी 18 जनवरी तक ठंड में किसी तरह की कोई तब्दीली नहीं होने का पूर्वानुमान बताया है। लोगों को इस कड़ाके की ठंड और शीत लहरी से सावधान रहने का भी सुझाव दिया है। 17 एवं 18 जनवरी को बिहार के कई जिलों में बारिश के आसार बताए गए हैं, जिससे ठंड और बढ़ेगी। मौसम विभाग ने 18 जनवरी तक कोल्ड डे के लिए लोगों से सावधान रहने का सुझाव दिया है। मौसम विभाग का यह मानना है कि हिमालय के पश्चिमी हिस्से से आ रही सर्द पछुआ हवा का प्रभाव पूरे बिहार पर पड़ रहा है। इससे ठंड और बढ़ती जा रही है। यह स्थिति आने वाले 18 जनवरी तक बने रहने की बात बताई जा रही है। मौसम विभाग ने 17 जनवरी को राजधानी पटना, गया समेत दक्षिण बिहार के कई जिलों में बारिश का भी पूर्वानुमान बताया है। पटना के अधिकतम तापमान में 3.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई और न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।राज्य के दक्षिणी और उत्तरी भागों के कई जिलों में शीतलहर के आसार हैं साथ ही घने कोहरा और कनकनी का कहर जारी है।



### मौसम विज्ञान केंद्र ने जारी किया यलो अलर्ट

मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार अगले तीन दिन में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री तक गिरावट आने की संभावना है। इस दौरान दक्षिण बिहार के अन्य जिलों में मध्यम, जबकि अररिया, पूर्णिया और इससे सटे जिलों में घना कुहासा छाया रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अगले दो दिनों में मौसम का मिजाज में विशेष बदलाव का अनुमान नहीं है। कोहरा, कनकनी और सर्द पछुआ चलेगी। पश्चिमी विक्षोभ के असर से 16 जनवरी से मौसम और बिगड़ सकता है। कोल्ड डे पटना, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, दरभंगा, समस्तीपुर, वैशाली एवं गोपालगंज में दर्ज किया गया। राज्य का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस फारबिसगंज में एवं सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस बांका में दर्ज किया गया।

**होम स्टे, इलेक्ट्रॉनिक बसों के रूट की स्थिति व ऑनलाइन टिकट बुकिंग की मिलेगी सुविधा**

## अयोध्या में सीएम योगी ने लांच किया टूरिज्म सेंट्रिक मोबाइल एप

**केटी न्यूज/अयोध्या**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या में टूरिज्म सेंट्रिक मोबाइल ऐपलिकेशन का शुभारंभ किया। यह एप श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या भ्रमण को और भी आसान बना देगी। इसमें अयोध्या के प्रमुख स्थलों की जानकारी, मैप, परिवहन, रुकने की व्यवस्था के साथ साथ कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस एप को अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी की ओर से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को समर्पित किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार अयोध्या को वैश्विक पर्यटन नगरी के रूप में स्थापित कर रही है। ऐसे में यहां देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए इस एप को समस्त प्रकार की सुविधाओं के एकल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है।



**पार्किंग से लेकर ऑनलाइन बुकिंग तक की मिलेगी सुविधाः** अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार, टूरिज्म सेंट्रिक मोबाइल एप्लिकेशन अयोध्या शहर में आने वाले पर्यटकों, दर्शनार्थियों के लिए उनके आगमन से प्रवास तक की सभी आवश्यकताओं जैसे प्रवास के लिए होम स्टे, भ्रमण के लिए प्रदूषण-मुक्त इलेक्ट्रॉनिक कार, नगर विकास द्वारा प्रदान की गई 50 इलेक्ट्रॉनिक बसों के रूट की स्थिति, संचालन का समय व ऑनलाइन टिकट बुकिंग, गोल्फ कार्ट, हॉप ऑन हॉप ऑफ वाहन, व्हील चेयर, स्थानीय मान्यता प्राप्त एवं प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड आदि की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त अयोध्या नगर एवं समीपवर्ती विभिन्न मंदिर-मठों, दार्शनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी समय सारणी के साथ साथ धार्मिक स्थानों से लेकर विभिन्न स्थानों के लिए नेविगेशन के माध्यम से मार्गदर्शन एवं स्थानीय व्यंजनों तक, सभी प्रकार की जानकारी इस एप में उपलब्ध रहेगी। इन सभी के अलावा, इस एप के माध्यम से निकटतम पार्किंग की जानकारी के साथ ही पार्किंग में खड़े वाहनों कि स्थिति के अनुसार अपने वाहन कि पार्किंग के लिए उपयुक्त समयनुसार ऑनलाइ बुकिंग भी कर सकते हैं।

### एप की मदद से अयोध्या के विभिन्न मंदिरों का कर सकेंगे दर्शन

एप पर सभी जानकारी भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें विभिन्न भाषी तीर्थ यात्रियों एवं सैलानियों को विशेष रूप से मदद मिलेगी। इस एप में उपलब्ध 3डी मैप सेवा भविष्य में समय के साथ नगर में अवस्थापना संबंधी हो रहे बदलाव को दिखाने में सक्षम होगा। साथ ही इसी एप्लीकेशन के माध्यम से दूर देश बैठ कर आप अयोध्या के विभिन्न मंदिरों एवं ऐतिहासिक स्थलों का वर्चुअल दर्शन भी प्राप्त कर सकेंगे। इस एप के माध्यम से सरयू जी में संचालित क्रूज व नाव एवं म्यूजिकल फाउंटेन व लाइट एंड साउंड सिस्टम के साथ-साथ टेंट सिटी इत्यादि की बुकिंग व ओडीओपी, उपहार सामग्रियों का विक्रय भी किया जाएगा।




# परीक्षा फॉर्म भरने आ रहे छपरा के इंटर के छात्र की ट्रेन से गिरने से मौत

- आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक की शनिवार की शाम की घटना

**केटी न्यूज/आरा**

स्थानीय आरा रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पर शनिवार की शाम ट्रेन से गिरने से इंटर के एक छात्र की मौत हो गई। मृत छात्र सारण (छपरा) जिला के भेलदी थाना क्षेत्र के पैगा मित्रसेन गांव निवासी लक्ष्मण प्रसाद यादव का 16 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार यादव था। सूचना मिलने पर रेल पुलिस की ओर से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके दादा तेज नारायण यादव ने बताया कि आकाश के पिता लक्ष्मण यादव हैदराबाद में प्राइवेट जॉब करते हैं। वह अपने पूरे परिवार के साथ छह वर्षों से हैदराबाद में रहते हैं। छह माह पूर्व आकाश भी हैदराबाद गया था। शनिवार को वह इंटर परीक्षा का फॉर्म भरने हैदराबाद से ट्रेन गांव आ रहा था। उसी दौरान आरा रेलवे स्टेशन पर यह हादसा हो गया। रेल थाना पुलिस की ओर से परिजनों को दी गयी। बताया जा रहा है कि छात्र तीन भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां आरती देवी, भाई विक्की और छोटू है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां आरती देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अनियंत्रित धान लदा ट्रैक्टर नहर में पलटा, एक की मौत और तीन जख्मी

- सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के चंदा नयका पुल के समीप रविवार शाम की घटना
- घायलों का निजी अस्पताल में कराया जा रहा इलाज

**आरा।** सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के चंदा गांव स्थित नयका पुल के समीप रविवार की शाम एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। उसमें ट्रैक्टर के नीचे दबने से एक युवक की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग जख्मी हो गए। तीनों घायलों का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत युवक चंदा गांव निवासी टेंगरी राम का 19 वर्षीय पुत्र निकेश कुमार था। घायलों में उसी गांव के निवासी छोटका मंसूरी,तैयब मंसूरी और श्याम कुमार शामिल है। मृतक और घायल पलदारी का काम करते थे। मृतक निकेश के रिश्ते में लग रहे चाचा ने बताया कि सभी ट्रैक्टर पर धान का बोरा लोड कर गांव में दूसरे जगह पर उतरने गए थे। धान अनलोड करने के बाद सभी ट्रैक्टर से फिर धान लादने आ रहे थे। उसी दौरान चंदा गांव स्थित नयका पुल के समीप अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया। उसके कारण निकेश कुमार ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। ट्रैक्टर पर सवार छोटका मंसूरी, तैयब मंसूरी और श्याम कुमार जख्मी हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि निकेश अपने दो भाई और तीन बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां निरासो देवी, बहन सेवांती कुमारी, छोटी कुमारी हेवांती कुमारी और भाई विकास कुमार है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## खबरें फटाफट

### गया से 299 कार्टून विदेशी शराब जब्त चालक गिरफ्तार

**गया।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है। इसके बावजूद राज्य में शराब का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में गया जिले के डोभी चेक पोस्ट उत्पाद विभाग के निरीक्षक प्रणेश कुमार की नेतृत्व में समेकित जांच चौकी डोभी जीटी रोड पर वाहन की जांच के दौरान बंगाल से चलकर झारखंड की ओर से आ रही टाटा कंपनी के डीसीए मिनी ट्रक को जांच के दौरान भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। साथ ही वाहन को जब्त किया गया। वाहन से 299 कार्टून विदेशी शराब जब्त किया गया। यह जानकारी मद्य निषेध विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने देते हुए बताया कि तकरीबन 8:30 बजे रात्रि को वाहन जांच कर में झारखंड की ओर से आ रही एक मिनी ट्रक डीसीएम को जप्त किया गया। गिरफ्तार किया गया ट्रक चालक प्रभाकर कुमार उत्तर प्रदेश गोंडा जिला के रहने वाला है।

### रोहतास जिले में किसान की गला रेतकर हत्या

**सासाराम।** रोहतास जिले में फिर एक किसान की हत्या कर दी गई है। जहां दो दिन पहले तिलौथू थाना क्षेत्र के बहेरा गांव में देर रात एक किसान की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी, वहीं एक बार फिर जिले में इसी पैटर्न पर एक किसान की गला रेतकर हत्या की गई और उसके शव को सड़क किनारे फेंक दिया। मृत किसान की पहचान बबन भगत के रुप में की गई है। हत्या की घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और सड़क को जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामला परसथुआ ओपी क्षेत्र के चिनैती गांव से जुड़ा है। जहां किसान बबन भगत खेत में पटवन करने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान बदमाशों ने गला रेतकर उनकी हत्या कर दी। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया है। परसथुआ ओपी पुलिस ने घटनास्थल से चाकू को बरामद कर लिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है।

## बीरमपुर गांव के समीप 12 दिसंबर को संचालक से हुई थी डेढ़ लाख की लूट

# सीएसपी संचालक से हुए लूट कांड में लाइनर सहित तीन बदमाश गिरफ्तार

- गीधा ओपी क्षेत्र से शनिवार की शाम पकड़े गए तीनों बदमाश
- लूट में इस्तेमाल एक देसी कट्टा, दो गोली और एक मोबाइल बरामद

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर की गीधा ओपी की पुलिस की ओर से सीएसपी संचालक से लूट कांड का खुलासा करते हुए तीन अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें लूट करने वालों के साथ लाइनर भी शामिल हैं। इनके पास से लूट की घटना में इस्तेमाल एक देसी कट्टा, दो गोली और एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराध कर्मियों में गीधा ओपी क्षेत्र के मटियारा गांव निवासी संजीव कुमार, सकड्डी गांव निवासी ओम प्रकाश और बीरमपुर निवासी विकास कुमार शामिल हैं।

इनमें विकास कुमार लाइनर बताया जा रहा है। पूछताछ में तीनों द्वारा लूट की घटना में संलिप्तता स्वीकार की गयी है। सभी की पूर्व की लूट की आधा दर्जन घटनाओं में भी संलिप्ता रही है। एएसपी चंद्र प्रकाश की ओर से रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर की शाम करीब तीन बजे बीरमपुर गांव निवासी राजा कुमार स्टेट बैंक की गीधा ब्रांच से डेढ़ लाख



रुपए की निकासी कर अपने सीएसपी लौट रहे थे। तभी बीरमपुर गांव की जाने वाले रास्ते पर नई बाग के पास अपाची बाइक सवार दो लोगों द्वारा उन्हें रोक दिया गया। उसके बाद हथियार का भय दिखाकर पैसे वाला बैग छीन लिया गया। घटना में अंजाम देने के बाद दोनों भाग गये। उसे लेकर सीएसपी संचालक राजा कुमार की ओर से संजीव कुमार व ओम प्रकाश सहित तीन अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी और पैसे की बरामदगी को टीम गठित की गयी थी। ओपी इंचार्ज प्रिया शीला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सूत्र और लोकल इनपुट के आधार पर शनिवार की शाम लूट में शामिल तीनों अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से एक देसी कट्टा, दो गोली और एक मोबाइल बरामद किया गया है। मोबाइल की जांच की जा रही है। चोरी के होने पर कार्रवाई की जायेगी। एएसपी ने बताया कि पूछताछ में तीनों द्वारा पूर्व की आधा दर्जन घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

## गोली के साथ बाइक सवार रोहतास का संदिग्ध गिरफ्तार

**आरा।** नगर थाने की पुलिस ने गोली के साथ बाइक सवार एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तीन गोलियां बरामद की गयी है। उसमें दो पर स्पेशल एम्यूनेशन फैक्ट्री खड़की अंकित है। गिरफ्तार युवक रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बड़का गांव निवासी राजू पांडेय का पुत्र शिवम कुमार है। हालांकि उसके साथ रहे दो युवक भागने में सफल रहे। उनमें उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बकरी गांव निवासी नीरज कुमार और करवां गांव निवासी राजेश पासवान शामिल हैं। तीनों के खिलाफ नगर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एएसपी चंद्रप्रकाश ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि अपराधियों की धरपकड़ को लेकर शहर के आसपास पुलिस नाका बनाये गये हैं। वहां हमेशा वाहनों की चेकिंग की जाती रही है। शनिवार को नगर थाने के एएसआई मोख्तार रहमान धरहरा चेक पोस्ट के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी कोईलवर की ओर से आ रहे बाइक सवार तीन युवक पुलिस को देख कर भागने लगे। तब पुलिस द्वारा खदेड़ कर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दो युवक भाग निकले। तलाशी के दौरान पकड़े गए युवक के पास से तीन गोलियां बरामद की गयी।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक जनता दल की बैठक में कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक ने बनाई रणनीति



**(औरंगाबाद)।** गोह स्थित गौतम बुद्ध नगर भवन में रविवार को राष्ट्रीय लोक जनता दल की प्रखंड इकाई की बैठक प्रखंड अध्यक्ष वसिष्ठ शर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गई।इस दौरान सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ,पंचायत अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक की मुख्य अतिथि रहे पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक डॉ रणविजय सिंह ने कहा कि इस बार काराकाट लोकसभा पार्टी निश्चित रूप से जीत दर्ज करेगी इसके लिए सभी कार्यकताओं को अपने-अपने बूथ पर सक्रिय होकर कार्य करना है। और सभी बुथ को जीतने का लक्ष्य रखा गया।उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ता ऐसे कार्य करे जिससे गोह विधानसभा से पार्टी को सबसे अधिक मतों से लोकसभा में चुनाव लीड करवाना है। इसके लिए खास करके रणनीति प्रत्येक बूथ पर बनाना है। उन्होंने कहा कि आगामी 23जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर के जयंती के अवसर पर पार्टी द्वारा अयोजित पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में गोह विधानसभा से करीब 500लोग जयंती में भाग लेंगे।इसको लेकर कार्यकताओं को प्रचार प्रसार करने की बात कही।इस बैठक में मुख्य रूप से मौजूद पार्टी के प्रदेश महासचिव श्री राम कुमार वर्मा, राकेश रोशन, अशोक बिंद, अरविंद शर्मा, विनोद शर्मा , संजीत शर्मा, दिनेश चंद्रवंशी, अतिपिछड़ा के प्रखंड अध्यक्ष शैलेंद्र चंद्रवंशी, मुकेश चौहान, देवबली साव, चितरंजन वर्मा, कृष्णा मेहता सहित सैकड़ों लोग बैठक में उपस्थित रहे।

### पीपी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन ने गरीब और असहाय लोगों के बीच बांटे कंबल



**जहानाबाद।** रविवार को ठाकुरबाड़ी में पीपी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन अभिराम सिंह द्वारा मुहैया कराए गए कंबल को नव सेवा श्रम संस्था के बैनर तले जरुरतमंद और असहाय लोगों के बीच में वितरित किया गया। इस संबंध में संस्था के संस्थापक अमित कैप्टन ने बताया कि पीपी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन अभिराम सिंह जी की इच्छा थी कि जरुरतमंद लोगों के बीच में कंबल वितरित किया जाए। इसी उद्देश्य पर हम लोगों ने ठाकुरबाड़ी में कंबल वितरित किए हैं और लोगों को यही कहना चाहूंगा कि जो ही व्यक्ति मन में सेवा भाव रखते हैं वे आगे आएं और जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच में कंबल पहुंचाकर पुण्य के भागी बनें। वहीं आज के वितरण समारोह में गोपाल कुमार , चन्दन कुमार ,कुन्दन क्रांतिकारी, नीरज कुमार धनजय कुमार सहित कई लोग शामिल हुए ।

# 22 जनवरी के अनुष्ठान को लेकर भाजपा ने की बैठक



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

गोह प्रखंड के तेयाप में भाजपा उपहारा मंडल की बैठक सम्पन्न-हुई। उपहारा मंडल के तेयाप में भाजपा के मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केन्द्र प्रमुखों/सह प्रमुखों की बैठक मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार विद्यार्थी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार विद्यार्थी ने कहा कि इस बैठक में अयोध्या में हो रहे श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गोह विधानसभा के प्रत्येक गांव में जाकर भाजपा कार्यकर्ता गांव के मन्दिरों में स्वच्छता अभियान चलाने और 22 जनवरी को धार्मिक अनुष्ठान करने तथा शाम को हर घर में दीप जलाकर उत्सव मनाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। इस बैठक में उपस्थित सिद्धनाथ मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय, गोह विधानसभा विस्तारक रंजीत चौहान, मंडल उपाध्यक्ष अरुणजय शर्मा, महामन्त्री पूर्व मुखिया आमोद-प्रमोद जायसवाल, सत्येन्द्र शर्मा, मंत्री उषा देवी, सुनील कुमार सिंह उर्फ कपूर्री जी, शक्ति केंद्र प्रमुख सहेंद्र कुमार, समीर कुमार, शंभू कुमार सह प्रमुख गया ठाकुर, महा दलित प्रकोष्ठ के संयोजक रामाधार राम सहित दर्जनों कार्यकताओं ने भाग लिया।

## अक्षत वितरण कर श्रीराम का बुलावा दे रहे रामभक्त

**औरंगाबाद।** 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर में राम लाला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर राम भक्तो द्वारा लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। औरंगाबाद सदर प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में राम भक्तों ने घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत का वितरण कर लोगों को निमंत्रण देते हुए घरों एवं आसपास के मंदिरों में 22 जनवरी को विशेष पूजा एवं दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने की अपील की। जानकारी देते हुए संयोजक भास्कर कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय के सभी पूजा समिति एवं मंदिर के पुजारियों से बातचीत कर सजाने की तैयारी चल रही है। वहीं राम भक्तो ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि सैकड़ो वर्ष के प्रतीक्षा के बाद अब 22 जनवरी को भगवान श्री राम अपने मंदिर में स्थापित होने जा रहे हैं।

# नीतीश-तेजस्वी की सरकार में लाखों युवाओं को मिल रही सरकारी नौकरियां- डॉ शशिरंजन

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

महागठबंधन सरकार ने अल्प अवधि में बिहार में नौकरियों की बहार ला दी है। शिक्षा विभाग से लेकर गृह विभाग सहित कई विभागों में लाखों बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा रही हैं। नीतीश-तेजस्वी युवाओं के बीच कलम बांट रहे हैं तो कुछ अन्य दलों के नेता नौकरी चाहने वालों को तलवार दे रहे हैं। उक्त बातें रविवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में राजद जिला प्रवक्ता डॉ शशिरंजन उर्फ पप्पु यादव ने कही। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार ने केवल 70 दिनों में एक हीं विभाग शिक्षा में दो लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी प्रदान कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। साथ ही नीतीश-तेजस्वी की सरकार में गृह विभाग में हजारों पुलिसकर्मियों की बहाली, अन्य विभागों में लाखों पदो पर नियोजन अभियान और प्रक्रिया जारी है। उन्होंने



कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव कार्य करने में विश्वास करते हैं, लेकिन भाजपा की सरकार सिर्फ और सिर्फ जुमलेबाजी करने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ष दो करोड़ नौकरियां देने के वादा किया था, लेकिन आज तक एक भी युवाओं को नौकरी नहीं दी। भाजपा सरकार मंदिर-मस्जिद के नाम पर देश के लोगों को ठगने का काम कर रही है।

# 32वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस की तैयारियों पर मंथन



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जिला आयोजन समिति की योजना बैठक रविवार को स्थानीय सिद्धार्थ टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में हुई। इस बार बिहार प्रदेश की 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी जहानाबाद जिले को दी गयी है। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला आयोजन समिति के अध्यक्ष एसएस कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ० चंद्रभूषण शर्मा ने कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम की मेजबानी एक बड़ी जिम्मेदारी होने के साथ साथ जिले के लिये गर्व की बात है।

जिला समन्वयक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि अक्टूबर माह में प्रस्तावित इस आयोजन की सफलता के लिये जिला आयोजन समिति ने अभी से कमर कस ली है। वहीं 31वीं जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस सम्मेलन की अभूतपूर्व सफलता से जिले के विद्यालयों और विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि काफी बढ़ी है। पिछले वर्ष विभिन्न विद्यालयों से करीब पांच सौ बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया था। इस वर्ष प्रखंड स्तर से ही बाल वैज्ञानिकों का चयन जिला स्तर के लिये किया जायेगा। बैठक में शैक्षणिक समन्वयक डॉ उदय शंकर मिश्र,पूर्व प्राचार्य राधा कृष्ण शर्मा, सह समन्वय पंकज कुमार, अरुण कुमार, राजीव कुमार, डॉ० बृजनंदन सिंह, राजीव रंजन सहित कई उपस्थित थे।






# राम मंदिर निर्माण आंदोलन में डुमरांव के कारसेवकों का बड़ा योगदान

- तब भाजपा के भीष्म पितामह के रोकने पर भी नहीं रूके थे डुमरी के गोपालजी चौबे
- बाबरी मस्जिद विध्वंश करने डुमरी के चार युवा कारसेवक गए थे अयोध्या

**रजनी कांत दूबे/डुमरांव**





तारीख 4 दिसंबर 1992, स्थान बक्सर का गोयल धर्मशाला और इस धर्मशाला में एकत्रित हुए थे जिले के कोने कोने से आए कारसेवक जो बाबरी मस्जिद को ढहाने अयोध्या जाने की तैयारी में घर से आए थे। तब बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा अब भाजपा के भीष्म पितामह कहे जाने वाले स्व. कैलाशपति मिश्र उन्हें संबोधित कर रहे थे। करीब दोपहर बाद का वक्त था। ठंड बहुत अधिक पड़ रही थी। स्व0 मिश्र ने वहां एकत्रित हुए कारसेवकों को बताया कि अयोध्या में उम्मीद से अधिक कारसेवक पहुंच गए है। अब वहां जाने वालों को ठहराना मुश्किल होगा। आप लोग यही से घर लौट जाएइ। लेकिन कारसेवकों की भीड़ में मौजूद डुमरी के युवा कारसेवक गोपाल जी चौबे, विमलेश चौबे, विजेन्द्र कुंवर व स्व. संतोष कुमार उनकी बातों को नहीं माने तथा शाम में पैसेंजर टेज्न पकड़ आयोध्या के लिए रवाना हो गए। पैसेंजर ट्रेन से वे लोग मुगलसराय ( पंडित दीनदयाल उपाध्याय ) रेलवे स्टेशन पहुंचे, फिर वहां से देहरादून एक्सप्रेस से अयोध्या के लिए रवाना हो गए। पूरे संस्मरण को सुनाते हुए गोपालजी चौबे ने बताया कि तब अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनाने के लिए पूरे देश में लहर चल रही थी। 90 के दशक में चले राम मंदिर आंदोलन के दौरान देशभर में एक जोश भर दिया था।

गोपालजी चौबे ने बताया कि 1989 में आयोजित कुंभ मेले में अयोध्या में राम मंदिर बनाने का संकल्प लिया गया था। इसके बाद हमलोग 1990 में भी एक बार अयोध्या के लिए कुच किए थे, तब 253 कारसेवको को बक्सर में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। जेल से छूटने के बाद राममंदिर बनवाने का संकल्प और मजबूत हुआ। यही कारण था कि मौका मिलते ही हमलोग 6 दिसंबर को सुबह में ही अयोध्या पहुंच गए थे। उन्होंने बताया कि बक्सर जिले से तब स्व. बबन उपाध्याय, गोपालजी दूबे, रामोदार राय समेत सैकड़ो लोग पहुंचे थे। भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवानी, साध्वी ऋतंभरा, गोविंदाचार्य, उमा भारती, अशोक सिंघल, मुरली मनोहर जोशी आदि के आह्वान पर राम भक्त युवाओं का उत्साह चरम पर था। अयोध्या में उम्मीद से अधिक भीड़ इकट्ठी हो चुकी थी।

आज मंदिर बनने की बात पर उत्साहित होते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनने का सपना पूरा होना उनके जीवन की सबसे बड़ी खुशी थी। आखिर इस दिन को देखने के लिए कई वर्षों का इंतजार करना पड़ा तथा जेल जाने से लेकर कई सितम सहने पड़े है।

## एक नजर

### समाज के लिए बाल विवाह है घातक : अमितेश




**केसठ।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन, नई दिल्ली एवं दिशा एक प्रयास, बक्सर द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे हैं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सी एस डबल्यू तुहिन कुमार सिंह के नेतृत्व में केसठ नया बाजार के एक निजी भवन में रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केसठ उप मुखिया अमितेश कुमार गुप्ता और फाउंडेशन के समन्वयक चंदन कुमार उपस्थित रहे। सभा में उपस्थित लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज, यौन शोषण, आर्थिक शोषण, मानसिक तनाव, शिक्षा से वंचित आदि के बारे जागरूक किया गया एवं शपथ पत्र भरवाया गया। ताकि प्रखंड सहित पूरे देश बाल विवाह मुक्त हो सके। मुख्य अतिथि ने कहा कि सुरक्षित बचपन प्रत्येक बच्चे का अधिकार के तहत 21 वर्ष के कम उम्र के लड़के एवं 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की का विवाह करना कानूनी जुर्म है। ऐसा करने पर एक साल की सजा सहित दो लाख रुपए जुमार्ना लग सकता है। वही उप मुखिया ने कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है जिससे घर ही नहीं बल्कि पूरा समाज पर पर प्रभाव पड़ता है। जो समाज के लिए घातक है। बैठक के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही नाबालिगों के लिए निःशुल्क योजना स्पॉन्सरशिप योजना, एक्सफॉर्म परवरिश योजना आदि से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई। बैठक में रविंद्र आर्य, अजय कुमार विक्रांत, अखिलेश सिंह, संतोष कुमार, शंकर गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### रेलयात्रियों के बीच जागरुकता अभियान चलाएं ताकि रेल संपत्ति को नुकसान न हो : एसडीएम



**डुमरांव।** रेलयात्री कल्याण समिति सेन्ट्रल कमेटी की वार्षिक समीक्षात्मक बैठक सह चुड़ादही भोज का आयोजन रविवार को कृष्णाब्रह्म स्थित टुड़ीगंज शाखा कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार सिंह ने तथा संचालन इमरान खान व कृष्ण बिहारी चौबे ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डुमरांव के एसडीएम कुमार पंकज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौक पर कुमार पंकज ने कहा कि रेलयात्री कल्याण समिति द्वारा किया जा रहा हर कार्य बहुत ही सराहनीय है साथ ही समिति को रेलयात्रियों के बीच भी जागरुकता अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि रेलयात्रियों से जाने अनजाने में कोई रेल संपत्ति कोई नुकसान न हो। अध्यक्षता करते हुए डॉ सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि वार्षिक समीक्षात्मक बैठक में पटना से लेकर जमानियाँ तक के शाखा पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। सभी शाखा के अधिकारियों ने एक स्वर से रेलयात्रियों के समस्याओं के समाधान के लिए निर्णायक संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में व्यवस्थापक के रूप में कामेन्द्र सिंह, उमेश प्रसाद, बाला यादव,अनील सिंह, मुन्ना यादव, मुन्ना चौबे, कुमार रामावतार, मुन्ना ठाकुर की सराहनीय भुमिका रही। इस मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार,सब इंस्पेक्टर दीनेश चौधरी,ओमप्रकाश सिंह, बीजेन्द्र यादव , ओमप्रकाश भुवन, अखिलेश सिंह लोजपा, डॉ एस के सैनी, डॉ राजेश मिश्रा, जद यु नेता सिताराम सिंह, हरेन्द्र सिंह, कैप्टन बीजेन्द्र सिंह, दीनेश्वर सिंह सरपंच, ओमप्रकाश सिंह मुखिया प्रतिनिधि, जनार्दन सिंह सरपंच व अन्य उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### क्रिकेट मैच के दौरान विवाद में किशोर की पिटाई

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में क्रिकेट मैच के दौरान एक मामूली बात पर दो पक्ष आपस में भीड़ गए। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। मारपीट की इस घटना में एक किशोर को गंभीर चोटें आई है। गंभीर अवस्था में उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जख्मी किशोर नया भोजपुर के मो. जमाल का 16 वर्षीय पुत्र जमाल है। बताया जाता है कि नामजदों ने उसके सर पर बैट से मारा है। जिसके बाद किशोर के सिर से खून बहने लगा। किशोर वहीं अचेत होकर गिर पड़ा। वहां मौजूद अन्य लोगों ने उसे तत्काल अस्पताल ले गए। खून बहने के कारण उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों ने बताया कि किशोर की स्थिति चिंताजनक है। जख्मी ने बताया कि करीब सात-आठ की संख्या में नामजदों ने उसके साथ मारपीट की है। हालांकि इस मामले में समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष ने एफआईआर दर्ज नहीं कराया था। वैसे पुलिस को मामले की जानकारी मिली है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि अभी तक पीड़ित पक्ष ने लिखित शिकायत नहीं की है।

## विश्व हिन्दू परिषद ने डुमरांव में चलाया अक्षत व निमंत्रण वितरण अभियान

# घर-घर जाकर पूजित अक्षत के साथ 22 को अयोध्या चलने का दिया निमंत्रण

- श्रीरामललाप्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को ऐतिहासिक व अद्भुत बनाने के लिए देश के पांच लाख गांव में पूजित अक्षत का किया जा रहा वितरण

**केटी न्यूज/डुमरांव**





रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओं ने डुमरांव नगर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत का वितरण किया। इस दौरान लोगों को 22 जनवरी को आयोजित भगवान श्रीराम के मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार ने किया।

विहिप कार्यकताओं ने अपनी टोलियों के साथ शहर के कई वार्डों में घर घर जाकर हिंदू परिवारों तक पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र पहुंचाया। कार्यक्रम के समापन के बाद एक सभा का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए बजरंग दल के प्रखंड संयोजक संटू मित्रा ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को ऐतिहासिक व अद्भुत बनाने के लिए देश के पांच लाख गांव में पूजित अक्षत वितरण किया जा रहा है। पूजित अक्षत के साथ ही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण भी एक जनवरी से घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों के साथ लोगों को निमंत्रण पत्र दे 22 जनवरी को अयोध्या चलने का आग्रह किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद की ओर से 15 दिनों तक विशेष अभियान चलाकर प्रदेश के लाखों हिंदू परिवारों को आमंत्रित किया जा रहा है। वही मौके पर उपस्थित विहिप के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों को द्वार-द्वार पर रखा जा रहा है। साथ ही राम मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि विहिप के इस अभियान में लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है तथा 22 जनवरी को डुमरांव तथा आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोग रामलला के मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा का गवाह बनेंगे। लोग अभी से ही अयोध्या जाने की तैयारी में जुट गए है।

विकास ने कहा कि विहिप के साथ ही संघ परिवार से जुड़े लाखों स्वयंसेवक देशभर में यह अभियान चला प्रत्येक हिंदू परिवार तक आयोध्या से आए अक्षत व निमंत्रण पहुंचाने का पुनीत कार्य कर रहे है। मौके पर ओम प्रकाश भुवन, सोनू राय, ओमज्योति भगत, विनय कुमार, संतोष कुमार, जितेंद्र साह, राजीव कुमार, अजीत कुमार, लालजी, विमलेश, राजू खरवार, रवि रंजन, देवेन्द्र कुमार समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सिकरौल लख पर तीन दिवसीय खिचड़ी मेला शुरू, जुटी लोगों की भीड़

**नावानगर।** मकर संक्रांति के अवसर पर सिकरौल लख पर तीन दिवसीय खिंचड़ी मेला रविवार से शुरू हो गई। लगभग डेढ़ सौ साल पुराने इस खिचड़ी मेला के पहले दिन लोगों कि भीड़ उमड़ पडी थी। मेला का उदघाटन छोटक सिंह, पंचायत के मुखिया मनोज यादव, सरपंच पवन यादव एवं ठेकेदारों द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। मेला में ग्रामीण परंपरा की झलक देखा गया। बताया जाता है कि सिकरौल लख पर मकर संक्रांति पर लगने वाला यह मेला पूरे क्षेत्र मे प्रसिद्ध है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां मेला अंग्रेजी शासन काल से ही लगता आ रहा है। वही आसपास गांवों के बुजुर्ग बताते हैं कि अंग्रेजी शासन काल में जब किसी गांव व कस्बे में आटा चक्की नहीं थी। तब सिकरौल लख पर पंचक्की थी। जहां आस पास के गांवों से लोग गेहूं पिसवाने यहां आया करते थे। यहां पहुंचने वाले लोग ठोरा नदी के पवित्र जल में स्नान कर पूजा - अर्चना किया करते थे। इसी क्रम में मकर संक्रांति को यहां लोगों की अधिक भीड़ जुटने लगी। जो धीरे - धीरे एक मेला का रूप ले लिया। तभी से यह परंपरा लगातार चली आ रही है। सिकरौल लख स्थित ठोरा नदी के तट पर लगी खिचड़ी मेला में खाने के अलावा अनेकों तरह की दुकान सजी हैं।

## गायघाट का युवक रहस्यमय ढंग से गायब

- आरोपी के घर के सामने से मिली गायब हुए युवक की बाइक,
- घर की महिलाओं को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है पुलिस

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



स्थानीय थाना क्षेत्र के गायघाट का एक युवक पिछले चार दिनों से अपने घर से गायब है। इस मामले में उसके बड़े भाई ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन दे कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति व उसके घर की महिलाओं पर अपने भाई को गायब करने का आरोप लगाया है। आरोपी के घर के बाहर से पुलिस को गायब हुए युवक की बाइक मिली है। एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी फरार है, जबकि ब्रह्मपुर पुलिस घर की महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गायघाट का 41 वर्षीय रविरंजन पाठक उर्फ मूसन पाठक सूद कारोबारी है। वह कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नोनियापुरा निवासी मनू कानू पिता विष्णु कानू को कुछ रूपए उधार दिया था। 11 जनवरी को वह अपने घर से दस बजे उसके घर पैसा मांगने निकला था। लेकिन उसके बाद लौट कर घर नहीं आया। शाम में उसका मोबाईल बंद आने के बाद परेशान परिजनों ने मनू के मोबाईल पर संपर्क किया तो उसकी भाभी ने कोई स्पष्ट जबाव नहीं दिया। 13 जनवरी को इस मामले में रविरंजन के बड़े भाई भृगुनाथ पाठक ने ब्रह्मपुर थाने में मनू, उसकी भाभी, मां तथा अन्य सहयोगियों पर रविरंजन को गायब करने का आरोप लगा एफआईआर दर्ज कराया। इधर कृष्णाब्रह्म पुलिस ने उसके बाइक को मनू के घर के सामने से लावारिश हालत में बरामद किया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद ब्रह्मपुर पुलिस इस मामले में सक्रिय हुई तथा उसके घर के महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस सूत्रों की मानें तो रविरंजन के रहस्यमय ढंग से गायब होने के मामले में रूपयों के लेनदेन के अलावे अवैध संबंधों के नजरिए से भी देखा जा रहा है। इस मामले में पुलिस दोनों बिंदुओं पर तफ्तीश कर रही है।

## मानदेय में मामूली वृद्धि से कार्यपालक सहायक नाराज

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्यपालक सहायकों की एक बैठक स्थानीय नाथ बाबा मंदिर के पास स्थित पार्क में संपन्न हुई। जिसमें आरटीपीएस, आपूर्ति, मनरेगा, इंदिरा, आवास, शौचालय, बिजली, पंचायत विभाग, लोक शिकायत सहकारिता के साथ अन्य विभागों के कार्यपालक सहायक उपस्थित हुए। बैठक में कार्यपालक सहायकों के मानदेय में मामूली वृद्धि का विरोध जताया गया।

सहायकों ने कहा कि जहां सबका मानदेय बढ़ता है वही हमारा मानदेय सरकार घटाती है। मूल मानदेय में 10 प्रतिशत सालाना बढ़ोतरी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। कार्यपालक सहायकों का मानदेय को दो स्लैबों में बांटा गया है। जबकि 10 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके सहायकों का तीसरा स्लैब भी बनना चाहिए था। ताकी पुराने सहायकों को अधिक लाभ मिल सके। संघ के सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि विगत 5 से 6 वर्षों से मिल रहे हार्डवेयर भत्ता 1200 रुपए को भी कभी बढ़ाया नहीं गया है। जबकि महंगाई हर साल बढ़ती जा रही है वहीं विशेष भत्ता को मूल मानदेय में जोड़ा जाए, क्योंकि पूर्व में आईटी मैनेजर को दिया गया है। कार्यपालक सहायक संघ जिला इकाई के अध्यक्ष दीनानाथ सिंह ने बताया कि पिछले वृद्धि में मूल मानदेय का 66 प्रतिशत वृद्धि हुआ था। वर्तमान वृद्धि 42 प्रतिशत ही है, जो न्याय संगत नहीं है। बैठक में रवि शंकर कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष धनजी प्रसाद, जितेंद्र कुमार, अमित कुमार, मुख्तार, प्रमोद कुमार, दिलीप कुमार, धीरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, कृष्ण कुमार मौजूद थे।




## नगर पंचायत के प्रत्येक वार्डों में टूटी फूटी नाली व गलियों का होगा नवनिर्माण

# बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर के तालाब किनारे लगेगा सीसीटीवी कैमरा

- ब्रह्मपुर नगर पंचायत बोर्ड की बैठक संपन्न, कई योजनाओं पर लगी मुहर

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



नगर पंचायत ब्रह्मपुर के बोर्ड की मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मुख्य पार्षद सुमन देवी ने व संचालन कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने किया। बैठक में उप मुख्य पार्षद चंद्रभूषण सिंह एवं सभी वार्ड पार्षद उपस्थिति थे। बैठक में नगर पंचायत ब्रह्मपुर के विकास कार्यों के मुख्य एजेंडों पर चर्चा की गई। मुख्य एजेंडा नाली गली पर चर्चा, बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में स्थित तालाब के चारों ओर सीसीटीवी कैमरा लगाने पर चर्चा हुई। जिसे सदस्यों ने सर्व सम्मति से अपनी मुहर लगाई। बैठक में सम्राट अशोक भवन बनाने, नगर पंचायत के कार्य करने हेतु एक अंचल अमीन एवं कार्यालय कार्य हेतु एक अतिरिक्त कार्यपालक सहायक रखने का निर्णय लिया गया। बोर्ड की बैठक में पार्षदों ने कहा कि एक वर्ष बीत गए लेकिन अभी तक विकास का कार्य शुरू नहीं हुआ है। तब कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार एवं मुख्य पार्षद सुमन देवी ने बताया अभी तक तकनीकी कारणों से विकास योजनाओं की शुरूआत नहीं हो सकी थी। कार्यपालक व मुख्य पार्षद द्वारा पार्षदों को आश्वस्त किया गया कि अब ब्रह्मपुर में बिना किसी भेदभाव के विकास की गंगा बहेगी। इस दौरान नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में नली गली के कार्यों पर सभी वार्ड पार्षदों की विभागीय कार्य कराने की सहमति बनी। जिसमें नगर पंचायत के प्रत्येक वार्डों में टूटी फूटी नालिया व गलियां तथा नवनिर्माण रास्ता एवं नाली गली होंगे। वही सम्राट अशोक भवन बनाने पर कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि यहां किसी भी प्रकार के समारोह शादी-विवाह, मीटिंग या किसी भी प्रकार के ठहराव के लिए कम से कम लागत में बुक किया जा सकता है। यह मैरेज हॉल की तरह रहेगा।



# प्रभु श्रीराम के जयकारे के साथ भक्तों ने नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

♦ प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में निकाली गई प्रभात फेरी व शोभायात्रा

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

श्रीराम जन्मभूमि व्यापक जनसम्पर्क अभियान के तहत नगर में विराट श्रीराम शोभा यात्रा निकाली गई। इसका शुभारंभ वंशीबाजार चुंगी से हुआ। श्रीराम शोभा यात्रा की तैयारी पूर्व निर्धारित समय पर दिन में 12 बजे विभिन्न आनुषांगिक संगठन के सहयोग से किया गया। शोभा यात्रा में जनपद के आध्यात्मिक, सामाजिक व गैर सरकारी संस्थाओं ने भाग लिया। इस शोभा यात्रा में बजरंग दल व विश्व हिन्दु परिषद, माधव सरस्वती विद्यामंदिर, व्यापार प्रकोष्ठ, सैनिक प्रकोष्ठ, भारतीय जनता पार्टी, ईश्वरीय ब्रम्हकुमारी, मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी, किसान सभा, शैक्षिक महासभा, हिन्दू महासभा तथा अधिवक्ता परिषद इत्यादि संगठन के कार्यकर्ता ने मिल कर अपने अपने परम्परागत तौर - तरिको से हजारों की संख्या में शामिल हुए। मंदिरों तथा घरों में प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूजा करने व दीप प्रज्वलित करने का किया गया अपीलकार्यक्रम में नगर संघ चालक



ने बताया कि यह शोभा यात्रा हिन्दु जागरण के लिए किया जा रहा है। 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर उद्घाटन को लेकर आमजन में भगवान श्रीराम की पूजा अराधना करने व अपने - अपने क्षेत्र के मंदिरों पर दीप प्रज्जवलन कर भजन- किर्तन का कार्यक्रम आयोजन करने की अपील की गई। विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने बताया कि शोभायात्रा के माध्यम से हम सभी हिन्दुओं को जनजागरण करने के लिए उनके घर घर जाकर श्रीराम अक्षत निमंत्रण का वितरण कर रहे है। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि लोगों श्रीराम जम्नभूमि को लेकर अति उत्साह लोगो मे देखा जा रहा है, मंदिर के प्रति सभी की आस्था जुड़ी हुई है । अएमएलसी विशाल सिंह चंचल ने बताया कि हम सभी अपने आराध्य भगवान श्रीराम को 5 सौ वर्षो बाद मंदिर में स्थापित कर रहे है जो हमारे हिन्दु भाईयों को बताने की आवश्कता नही है अब हिन्दु जाग चुका है। ईश्वरी ब्रम्हकुमारी की निर्मला दीदी ने बताया कि प्राचीन काल से भारत में मातृ शक्ति की पूजा आराधना होती रही है अब हमारे देश में नारी शक्ति में भगवान श्रीराम की परिकल्पना पहले से रही है और श्रीराम मंदिर के 22 जनवरी को होने वाले उदघाटन को लेकर नारी शक्ति काफी उत्साहित है । इस कार्यक्रम में झांकी में शामिल हुए श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन, माता सीता, हनुमान, सबरी व भगवान शिव बने कलाकारो को श्रीराम लीला लंका मैदान के मंच पर अभिनव सिंन्हा , विशाल सिंह चचंल, दिनेश चन्द्र मुन्ना, जय प्रकाश, विनोद अग्रवाल, सरिता अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चंदौली।** सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के ओरवां गांव में शनिवार की देर शाम 25 वर्षीय विवाहिता ने घर में पंखे की कुंडी में साड़ी का फंदा बनाकर झूल गयी। देर शाम को सूचना पर पहुंचे सीओ रघुराज और कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने पुलिस व ग्रामीणों की मदद से विवाहिता को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। आनन फानन में सीएचसी ले गये। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मायका पक्ष के लोगों ने सास -ससुर और पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को पीएम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। धानापुर थाना क्षेत्र के डबरिया गांव निवासी रमाकांत को चार पुत्र और दो पुत्री है। छोटी पुत्री बबीता की बीते माह 26 मई 2023 को सकलडीहा थाना क्षेत्र के ओरवा गांव में चौथीराम के पुत्र बबलू भारती से शादी हुई थी। बबलू महाराष्ट्र में काम करता था। बीते डेढ़ माह से घर आया हुआ था। शनिवार की दोपहर में किसी बात को लेकर बबीता कमरे में चली गयी। देर शाम तक दरवाजा नही खोलने पर परिजन व ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दरवाजा खोला तो फांसी के फंदे पर लटकते हुए मिली। पुलिस ने आनन फानन में हास्पीटल ले गयी। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मायका पक्ष के परिजनों का आरोप है कि बबलू अक्सर पैसे को लेकर बेटी को मानसिक और शारिरीक रूप से चोंट देता था।

### सिविल बार एसोसिएशन नामांकन के सभी पत्र वैध

**चंदौली।** सिविल बार एसोसिएशन की वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर तीन और महामंत्री के लिए पांच उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। इसके अलावा विभिन्न पदों के लिए भी उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया है। नामांकन पत्रों की जांच वरिष्ठ समिति के सदस्यों ने किया। इसमें सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। सदर कचहरी में सिविल बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव आगामी 20 जनवरी को निर्धारित है। इसके लिए बीते दो दिनों तक नामांकन की प्रक्रिया पूरी की गई। अध्यक्ष पद पर डा. वीरेंद्र प्रताप सिंह, राजेश कुमार दीक्षित और राकेश रत्न तिवारी ने पर्चा दाखिल किया है। वहीं महामंत्री पद पर अनिल कुमार सिंह, अरुण कुमार पांडेय, गौरव सिंह, हरिंद्र प्रताप सिंह और रामकृत ने नामांकन किया है। इसके अतिरिक्त अन्य पदों पर भी उम्मीदवारों ने दावेदारी ठोंकी है। नामांकन के बाद वरिष्ठ समिति के सदस्य कपिलदेव सिंह, श्यामसुंदर दुबे, चंद्रमौलि उपाध्याय, विनोद सिंह, शफीक खान और पर्यवेक्षक विनय कुमार सिंह व मदन सिंह ने प्रत्याशियों की ओर से दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच की। इसमें सभी प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाए गए। इससे अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय लड़ाई होने की संभावना है। हालांकि अभी 16 जनवरी को नाम वापसी के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### शादियों के लक्ष्य को पूरा करना समाज कल्याण विभाग के लिए टेढ़ी खीर

**चंदौली।** शासन की ओर से जनपद में 1200 सबसे अधिक वित्तीय वर्ष में शादी का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन अब तक 400 से अधिक की शादियां हो पाई है। जब 8 महीने में 400 शादियां हुई है, तो 3 महीने में लगभग 800 शादियां करने के लिए विभाग को कड़ी चुनौती होगी। जबकि खरमास माह के बाद ही शादियां शुरू होगी। ऐसे में विभाग के पास दो ही महीने का समय बचेगा। यही नहीं विभाग के पास शादी में किए जाने वाले खर्च पड़ा हुआ है। प्रदेश सरकार गरीबों की बेटियों के हाथ पीले करने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरूआत की है। इसमें अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ा अल्पसंख्यक समान वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्री की शादी के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा सामूहिक शादी का आयोजन किया जाता है जिसमें जनपद में इस बार 1200से अधिक का लक्ष्य रखा गया है। अब तक वित्तीय वर्ष में 400 अधिक गरीबों की बेटियों की शादी हुई है। वित्तीय वर्ष भी मार्च में समाप्त होने वाला है।14 जनवरी के बाद ही सामूहिक शादियों का आयोजन होना है, लेकिन अभी 800 शादियां विभाग को करनी है। इस दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के परिवार की आय दो लाख से काम हो, उनको इसका लाभ देने का प्रावधान है। इसके लिए आवेदक सामूहिक विवाह योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकता है। इस योजना में प्रति जोड़े को 51000 रुपए की धनराशि व्यय की जाती है। जिसमें 35000 रुपए कन्या के बैंक खाते में 10000 रुपए के ऊपर प्रत्येक जोड़े को सामग्री और 6000 कार्यक्रम के आयोजन में किया जाता है। गविभाग का दावा है कि लक्ष्य के सापेक्ष जो भी शादियां बची हैं। उसे इस वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन देखना है कि विभाग का यह दावा कितना सच होता है। इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य का कहना है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत लगभग 1200 से अधिक का लक्ष्य निर्धारित है। अब तक 400 से अधिक गरीब बेटियों के हाथ पीले हुए हैं और शेष बचे हुए गरीबों के बेटियों के हाथ पीले कर दिया जाए।

## खबरें फटाफट

### 8वां आर्म्ड फोर्सेस दिवस का आयोजन

**चंदौली।** डीएम निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 8वॉ आर्मड फोर्सेस वेटरनस दिवस का आयोजन हुआ। इसमें आर्मड फोर्सेस वेटरनस दिवस के उपलक्ष्य में अपने जनपद के पदक विजेताओं एवं वीर शहीद सैनिकों की वीर नारियों एवं आश्रितों को सर्टिफिकेट, शाल व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि आज 14, जनवरी हमारे भूतपूर्व सैनिकों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के सम्मान और मान्यता के प्रतीक के रूप में प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस 2017 में मनाया गया।

### भगवान सूर्य की मूर्ति की होगी प्राण प्रतिष्ठा

**चंदौली।** श्रीरामचंद्र ब्रह्म मंदिर जमुनीपुर प्रांगण में 17 जनवरी को वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ सूर्य नारायण भगवान की मूर्ति स्थापित की जाएगी। यह जानकारी पूर्व प्रधान शमशेर सिंह देते हुए बताया कि अखंड हरिकीर्तन 16जनवरी को प्रारंभ होगा। 17 जनवरी को अखंड के बाद कलश यात्रा मूर्ति का ब्राह्मण यात्रा और प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूजन हवन के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### पुलिस गश्त के दौरान दो बदमाश गिरफ्तार

**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा कोतवाली अंतर्गत रामबन अखाड़े की पुलिया के पास बीती रात साढ़े नौ बजे एक बाइक पर दो बदमाश पुलिस की रेड सायरन बत्ती देख भागने लगे। आनन-फानन में एसआई गोविंद मौर्य और एसआई गुलाम हुसैन ने दोनों बदमाशों को दौड़ाकर पकड़ लिया और तलाशी ली तो आदित्य सिंह उर्फ रोशन निवासी जुआ हकारपुर थाना तरवां आजमगढ़ के पास से लूट का 22000 में पंद्रह हजार एक सौ तथा दूसरा बदमाश अविष्कार उर्फ जिम्मी अलीपुर मंदरा के पास से 6900, तथा दो एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, एक पिस्टल और एक जिंदा कारतूस 32बोर, दो मोबाइल व एक बाइक बरामद हुई। कोतवाल तारावती ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों कों जेल भेजा गया।

### पुआल लदी ट्रैक्टर में लगी आग

**बलिया।** स्टेशन मालगोदाम रोड पर स्थित शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत यूनियन बैंक के पास (महादेव मार्केट के सामने) पुआल लदी खड़ी ट्रैक्टर में शनिवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे आग लग गयी। आग की उठती लपटों से मुहल्ले में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गयी। बताया जा रहा है कि पुआल लदा दो ट्रैक्टर महादेव मार्केट के सामने काफी देर से खड़ा था। इसी बीच अचानक एक ट्रैक्टर से आग की लपटें उठने लगी। यह देख चालक व उनके साथ अन्य लोग तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर के इंजन और दूसरे ट्रैक्टर को किसी तरह हटाया। हालांकि इस घटना में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा।

## 16 से 22 जनवरी तक सभी राम मंदिर, हनुमान मंदिर को सजाकर होगा दीप प्रज्वलन

# मकर संक्रांति से स्वच्छ हो पूरा प्रदेश : नीरज

♦ राज्यसभा सांसद, डीएम और नगरपालिका चेयरमैन ने लगाया मंदिर में पोछा

**केटी न्यूज/ बलिया**

अयोध्या में राम मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा से पहले मकर संक्रांति से प्रदेश के सभी जनपदों में शुरू होने वाले विशेष स्वच्छता अभियान के तहत जनपद में इस अभियान की शुरुआत राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और नगरपालिका अध्यक्ष संत कुमार गुप्ता उर्फ मिठाई लाल ने शनिचरी मंदिर के निकट स्थित वाल्मीकि मंदिर में पोछा लगाकर आम जनमानस को साफ सफाई संबंधी कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु जागरुक किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाकर स्वच्छ करना है। इसमें सभी की भागीदारी अहम है।

किसी भी व्यक्ति को इसमें पीछे नहीं रहना चाहिए। वह किसी भी जाति धर्म से संबंधित ही क्यों नहीं हो। इस दिव्य समय गवाह हमलोग बन रहे है। 14 जनवरी से शुरू इस विशेष अभियान के तहत सभी नगरपालिका, नगर निकायों, नगर पंचायतों, कस्बे, गांव, सरकारी इमारतें और देव मंदिरों को स्वच्छ बनाकर उसे सजाया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा साफ सफाई के लिए नगरीय क्षेत्रों में संबंधित अधिशासी अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डीपीआरओ को निर्देशित किया। इस विशेष सफाई अभियान में आम लोगों की जनसहभागिता होगी। साथ ही 16 जनवरी से 22 जनवरी तक जनपद के सभी राम मंदिर, हनुमान मंदिर वाल्मीकि मंदिर और अन्य प्रमुख मंदिरों को सजाकर दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ-साथ राम कथा, प्रवचन,रामचरितमानस का पाठ, सुंदरकांड एवं भजन, कीर्तन का आयोजित किया जाएगा।



### आसमान में दिखी रंग-बिरंगी पतंगें

पारंपरिक खेल पतंगबाजी को लेकर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पेंच लड़ाने का सिलसिला छोटे-बड़े युवाओं द्वारा शुरू कर दिया है। जिससे आसमान में रंग-बिरंगे पतंग लहराते दिख रहे है। इसको लेकर शहर समेत जिले के सभी कस्बों तथा बाजारों में रंग- बिरंगी पतंग और मांझे की दुकानें सज गई है। विशुनीपुर स्थित पतंग विक्रेता आफताब ने बताया कि यह कारोबार हम लोग करीब चार दशक से करते चले आ रहे है। नगर हो या देहात हर जगह किराना दुकानदार बेचने का काम करते हैं।

# समरसता खिचड़ी महोत्सव का भव्य आयोजन, उमड़ी भीड़

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबद्ध सेवा समर्पण संस्थान गाजीपुर में पिछले 25 वर्षों से गाजीपुर ही नहीं, बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के मुसहर डोम, बांसफोर, नट आदि महादलित जातियों के सर्वाधिक विकास को समर्पित रहा है। इस कड़ी में इस वर्ष समरसता खिचड़ी महोत्सव का औड़िहार स्थित शिव बेला इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ज्ञान मूर्ति महंत श्रीयश महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा समर्पण संस्थान जैसी संस्थाओं के माध्यम से ही आज अपनी सनातन संस्कृति पुनः प्रतिष्ठित हुई है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत माता अपने 140 करोड़ भारतवासियों के साथ परम वैभव के शिखर पर विराजमान होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अतुलनीय नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, आज नारा नहीं जमीनी हकीकत बन चुका है। 22 जनवरी को होने जा रही राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अपने देश में रामराज की परिकल्पना चरितार्थ होने जा रही है।

विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि गाजीपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश के बनवासी एवं महादलित समाज के सर्वांगीण विकास का केंद्र बना है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। विशिष्ट अतिथि अभिनव सिंह ने कहा कि मेरे पिता मनोज सिन्हा की इस सेवा मिशन में महत्वपूर्ण निर्णायक भूमिका रही है। यह मेरे लिए विशेष गौरव की बात है। विशिष्ट अतिथि सुभाष पासी ने कहा कि मैं सेवा समर्पण संस्थान के कार्यों से पूर्व परिचित हूं। और मेरा प्रयास रहेगा कि इस अभियान में मेरी भी भूमिका बेहतर रहेगी।

# पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी

**केटी न्यूज/ चंदौली**

जिला भारतीय जनता पार्टी की बैठक शनिवार को मुख्यालय स्थित कार्यालय में हुई। इस दौरान क्षेत्रिय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने पार्टी के संगठनात्मक विषय पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान दिलीप सिंह पटेल ने कहा कि इस समय पार्टी के विभिन्न अभियान चल रहे हैं उन अभियानों को समय से पूरा करने की जरूरत है, ताकि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में कोई कमी ना रहने पाए। जिससे कि पार्टी का जो लक्ष्य है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा की 80 सीटों को जितना उसे लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर कार्यकताओं को अपने-अपने कार्यों को समय से पूरा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वोटर चेतना के साथ-साथ विकसित संकल्प भारत का जो कार्यक्रम चल रहा है। उसे गांव-गांव ले जाने की जरूरत है। उसे योजना से सबको जोड़ने की जरूरत है। जिससे कि जो माननीय प्रधानमंत्री जी का सपना है 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का उसको पूरा किया जा सके



और नमो ऐप को भी अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष काशी नाथ सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए अब समय काम है इसलिए आप सभी लोग सरकार की जो कल्याणकारी योजनाएं हैं। उन योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें और लोगों को बताएं भी विकसित संकल्प भारत कार्यक्रम से आम जनता में जुड़ने का बहुत अच्छा मौका है। इस दौरान सूर्य मुनि तिवारी अखिल पोद्दार जितेंद्र पांडे शिवराज सिंह संजय सिंह बबलू अनिल तिवारी हरिवंश उपाध्याय हरिचरण सिंह जैनेंद्र कुमार प्रदीप मौर्या हिरदय तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

# कुश्ती-दंगल प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक पहलवानों ने दिखाया दांव-पेंच

♦ प्रतियोगिता होने से कुश्ती के अखाड़ेबाज का मनोबल होता है ऊंचा

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

दुल्लहपुर थाने के खोजवा गांव में जय भगऊत बाबा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर चौहान और विशिष्ट अतिथि सम्राट पृथ्वीराज चौहान शब्दभेदी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन चौहान, पूर्व प्रधान संतोष गुप्ता ने फीता काटकर पहलवानों को अंगवस्त्र देकर किया। इस मौके पर प्रधान हरिशंकर चौहान ने कहा कि कुश्ती दंगल प्रतियोगिता से कुश्ती के खिलाड़ियों में निखार आ रहा है। ऐसे प्रतियोगिता होने से कुश्ती के अखाड़ेबाज का मनोबल ऊंचा होता है। यही खिलाड़ी आज जिले से लेकर मंडल, राष्ट्रीय स्तर तक खेलते हैं और अपने जिले का नाम रोशन करते हैं। खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचानने की आवश्यकता है। अन्यथा विकास



संभव नहीं हो पाएगा। सम्राट पृथ्वीराज चौहान शब्दभेदी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन चौहान ने कहा कि कुश्ती प्रतियोगिता के अलावा लोगों को शिक्षा में भी आगे बढ़ना चाहिए। आजकल देखा जा रहा है कि एक मां ने छह बेटों को पढ़ा लिखा कर आईएएस पीसीएस बना दिया। लेकिन वह छह बेटे एक मां का देख-रेख नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे लोगों का मैं घोर निंदा करता हूं। ऐसे लोगों से निवेदन करता हूं कि मां तो मां होती है और मां की हमेशा सेवा भाव होनी चाहिए। कुश्ती दंगल कहीं न कहीं धीरे-धीरे विलुप्त हो रही थी, लेकिन जो जलालाबाद के ग्राम प्रधान हरिशंकर चौहान ने हर वर्ष कुश्ती प्रतियोगिता कराकर कुश्ती खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा करने का कार्य किया है, वह काफी सराहनी है। इस मौके पर आयोजक राकेश रौशन, बृजेश चौहान, जगन्नाथ चौहान, मनीष चौहान, मुन्ना चौहान, रामप्रवेश चौहान, कृष्णानंद यादव, उमेश यादव, रविकांत चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर चौहान और संचालन रामप्रवेश चौहान तथा रेफरी कृष्णानंद यादव ने किया।

## पीक्यूआरएस तकनीकी से पुरानी रेल पटरियों एवं स्लीपरों को बदलने में करीब पांच करोड़ की आयी लागत

# सोनवल से दिलदारनगर तक पटरियों का बदलने का काम पूरा

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

सोनवल से दिलदारनगर तक पीक्यूआरएस (प्लासर की त्वरित रिलेइंग प्रणाली ) तकनीकी से पुरानी रेल पटरियों एवं स्लीपरों को बदलने का काम करीब पांच करोड़ की लागत से पूरा हो गया है। अब महकमें के द्वारा इनके बीच में ब्लास्ट डालने एवं लाइन के एमएफआई ट्रैक टैंम्पिंग मशीन से पैकिंग का काम किया जाना है। इसके उपरांत यह ब्रांच लाइन पर पूरी रफ्तार से ट्रेन का संचालन शुरू होने की उम्मीद है। महकमे के अनुसार दूसरे चरण का यह काम



बीते अक्टूबर 2023 में शुरू किया गया। जिसे दिसंबर महीने में ही पूरा करना था, मगर छुट्टियों के चलते इसमें लेटलतिफी हुई इसका टेंडर फरवरी 2023 में जारी किया गया था। इसके बाद पीक्यूआरएस कार्य शुरू किया। जिसे बीते वर्ष अप्रैल महीने में ही पूरा किए जाने का सख्त निर्देश था। मगर संस्था की ढुलमुल रवैये को देखते महकमें ने उसका टेंडर करीब दो माह बाद अप्रैल में ही निरस्त कर दिया। जिसके कारण यह काम ठप्प हो गया। इसके बाद रेलवे ने जुलाई के अंतिम सप्ताह में दोबारा टेंडर जारी किया। इसके कुछ दिनों बाद यह काम दोबारा तेज गति से शुरू हो गया। महकमें की मानें तो इस ब्रांच लाइन से नई रेल लाइन होते हुए दुरस्थ जगहों के लिए यात्री व मालगाड़ी का संचालन शुरू हो जाएगा। उम्मीद है कि इस लाइन से गुजरने वाली विभिन्न ट्रेनें अब रफ्तार भरने के साथ ही वह उनमें लेटलतीफी नहीं हो सकेगी। इससे आम यात्रियों को काफी सहुलियत मिलेगी। ट्रेनों की लेटलतीफी से आये यात्रियों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ता है। लंबी दूरी की ट्रेने भी लेट हो जाया करती थी। इससे अब निजात मिलेगा।

इस संबंध में पीडब्लूआई दिलीप कुमार ने बताया कि पीक्यूआरएस तकनीकी से ब्रांच लाइन का काम पूरा कर लिया गया है। अब लाइन की पैकिंग का काम बचा है, उसे भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इससे कि इस रूट से नये लाइन होकर जाने वाली ट्रेनों का संचालन बेहतर तरीके से हो सकेगा ।




